# खसरा के खिलाफ टीका लगवाएं!

**अपने बच्चों, परिवार और प्रियजनों की रक्षा करें**

## खसरा क्या है?

- खसरा एक **बहुत ही संक्रामक** रोग है जो गंभीर हो सकता है। इसका इलाज नहीं हो सकता।
- जब आप बात करते हैं, **खांसते हैं या छींकते हैं** तो खसरा **तेजी से फैलता है।** एक बीमार व्यक्ति **अपने आस-पास के बिना टीकाकरण वाले लोगों में** वायरस को **बहुत आसानी से फैला सकता है।**
- जिन व्यक्तियों में जटिलताएँ विकसित हो सकती हैं, उनमें शामिल हैं
  - 12 महीने (1 वर्ष) से कम उम्र के बच्चे;
  - गर्भवती महिलाएं जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है;
  - कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग।
- **खसरा के लक्षण** हैं: बुखार, चकत्ते, खांसी, बहती नाक और लाल आँखें।
- खसरा से **फेफड़े और दिमाग में संक्रमण हो सकता है और कभी-कभी मृत्यु भी हो सकती है।**
- **इस वायरस के खिलाफ टीकाकरण सबसे अच्छा बचाव है।**

## खसरा का टीका

- Montréal में रहने वाले लोगों के लिए **टीका निःशुल्क है**। उन्हें स्वास्थ्य बीमा कार्ड (RAMQ) की आवश्यकता नहीं है।
- **टीका असरदार है**। 2 खुराक के बाद, सुरक्षा लगभग 95% हो जाती है। इससे संक्रमण का जोखिम कम हो जाता है।
- **टीका सुरक्षित है**। अधिक जानकारी के लिए, Quebec.ca पर खसरा, मम्प्स और रूबेला टीका (MMR) पृष्ठ पर जाएं

**खसरा का टीका ऑटिज्म का कारण नहीं बनता है।**

**12 महीने (1 वर्ष) से कम उम्र के बच्चे और गर्भवती महिलाएँ टीका नहीं लगवा सकती हैं। परिवार और दोस्तों को टीका लगवाने से वे सुरक्षित रह सकते हैं।**

**जो महिलाएँ बिना टीकाकरण के स्तनपान करा रही हैं, वे टीका लगवा सकती हैं।**

Québec

# क्या मैं खसरा से सुरक्षित हूँ?

**मेरा जन्म 1980 या उसके बाद हुआ था**

- मुझे 12 महीने की उम्र (1 वर्ष) के बाद टीके की 2 खुराकें मिलीं हैं

**मैं सुरक्षित हूँ**

**मेरा जन्म 1970 और 1979 के बीच हुआ था**

- मुझे खसरा हुआ है और मेरे पास टीकाकरण का प्रमाण (चिकित्सा प्रमाणपत्र या रक्त परीक्षण) है

या

- मुझे टीके की एक खुराक मिल गई है (जब तक कि मैं यात्रा, स्वास्थ्य क्षेत्र या सेना में काम या वहाँ इंटर्नशिप नहीं कर रही हूँ)

या

- मुझे टीके की दो खुराक मिल गई हैं

**मैं सुरक्षित हूँ**

**मेरा जन्म 1970 से पहले हुआ था**

**मैं सुरक्षित हूँ**

**आपको या आपके बच्चे को किसी अन्य देश में 12 महीने की आयु से पहले टीके की पहली खुराक मिल गई हो।**

यदि टीका 12 महीने (1 वर्ष) की आयु से पहले लिया गया हो तो यह उतना असरदार नहीं होता।

**तीसरी खुराक लेने की सिफ़ारिश की जाती है।**

**मुझे टीका नहीं लगाया गया है लेकिन मुझे बताया गया था कि जब मैं बच्ची थी तब मुझे खसरा हुआ था।**

गलती करना आसान है क्योंकि कई बीमारियों के कारण चकत्ते होते हैं।

**टीका लगवाने की सिफ़ारिश की जाती है।**

## सिफ़ारिशें

**चरण 1:**

- क्या आप और आपका बच्चा सुरक्षित हैं यह देखने के लिए, अपनी टीकाकरण पुस्तिका की जांच करें।
- या 1 877 644-4545 (Québec सरकार) पर कॉल करें

**चरण 2:**

- यदि आपको या आपके बच्चे को टीके की एक खुराक लगवाने की आवश्यकता है, तो अपॉइंटमेंट लें:

- clicsante.ca पर जाएं
**या** Info-Santé (811) या 1-877-644-4545 पर कॉल करें

**यदि आपको टीकाकरण के बारे में कोई प्रश्न हैं तो:**

- किसी स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से बात करें
- आपके CLSC से संपर्क करें
- अधिक जानकारी के लिए, Quebec.ca पर खसरा, मम्प्स और रूबेला टीका (MMR) पृष्ठ पर जाएं

## अगर आपमें खसरा के लक्षण हैं तो क्या करें?

यदि आप या आपके बच्चे में खसरा के लक्षण हे, तो घर पर रहें और Info-Santé (811) पर कॉल करें।

Québec
Document produced by Direction régionale de santé publique de Montréal – January 2025